सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 269 | इंदौर, गुरुवार 11 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **महेंद्रगढ़ में ईद के दिन बड़ा हादसा: गांव उन्हानी के पास स्कूल बस पलटी, दुर्घटना में छह बच्चों की मौत, 15 घायल**
2. **Jammu Kashmir: पुलवामा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक उग्रवादी मार गिराया**

### यातायात नियमों की अवहेलना कर ...

# मौत बन कर दौड़ रहे वाहन!

## दर्दनाक सड़क हादसों में जा रही निर्दोष लोगों की जान

## यातायात पुलिस और आरटीओ के लाख प्रयास के बावजूद गति पर नहीं लग रहा ब्रेक

इन दिनों देखने में आ रहा है कि सडक़ हादसों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इन सडक़ हादसों में निर्दोष लोग मौत का शिकार हो रहे हैं और कई लोग अपंग हो जाते हैं या अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हैं। यातायात पुलिस और आरटीओ के लाख प्रयास के बाद भी वाहनों की तेज गति पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है और आए दिन ये हादसे कई परिवारों की आंखों में आंसू दे जाते हैं।



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों का बीमा परमिट फिटनेस व कागजात भी जांचे जा रहे हैं। सडक़ों पर दौड़ रहे क्षमता से अधिक माल ढोने वाले वाहन एवं अधिक संख्या में यात्रियों व ओवरलोड माल का परिवहन करने वालों के चालान बनाए। उन ऑटो चालकों पर भी कार्रवाई की जा रही है, जो तीन से ज्यादा सवारी ढो रहे हैं।**

बिल्डिंग या सडक का मटेरियर ढोने वाले डंफर व स्कूल बसों पर कार्रवाई नहीं होती हैं। लोडिंग ऑटो पर लोहे के एंगल और लोहे के टीन शेड रखकर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। बिना पुलिस-चेक नंबर के ऑटो सडकों पर दौड़ रहे हैं। दुर्घटनाओं और जाम की स्थिति से बचने के लिए बाहरी वाहनों का समय निर्धारित किया गया है। फिर भी बाहरी वाहन किसी भी समय शहर की सडकों पर देखे जा सकते हैं। प्रशासन ने बाहरी वाहनों को लेकर गाइडलाइन जारी की है।

### चुपचाप देख रही तीसरी आँख

शहर में निर्धारित समय पर भारा वाहन एंट्री ले सकते हैं। फिर भी यातायात विभाग की मेहरबानी से यह तय समय के बाद भी धमाचौकड़ी कर रहे हैं। इन्हें रोकने और टोकने वाला कोई नहीं है। पुलिस विभाग के कैमरे के सामने से गुजरने वाले यह वहान कैसे छूट जाते हैं? शहर में टू व्हीलर वाहन चालक अगर गलती से गलत पार्किंग कर देता है, तो उसका वाहन जप्त कर लिया जाता है। चालान भरने के बाद ही छोड़ा जाता है।

### नियम तोड़ रहे ऑटो चालक

शहर में अधिकांश ऑटो पर पुलिस चेक नंबर अंकित ही नहीं है। छोटे कर्मी इन्हें बगैर साहबों को बताए खुद पैरलर विभाग चलाने की खबर है। आपको बता दे की चेक नंबर उन ऑटो चालकों को दिया जाता है, जिससे यह पता चल जाता है कि उसके कागज कंप्लीट हैं। यदि कोई चालक यात्री के साथ गड़बड़ करता है या ज्यादा राशी लेता है और शिकायत होती है तो उस पर अंकित छोटा सा नंबर बताते ही उसकी पूरी डिटेड आ जाती है। क्षमता से अधिक सवारी एवं खाकी वर्दी जैसे नियमों का पालन भी नहीं हो रहा है। हालांकि शहर में अधिकतर आटो वालों ने नोटों से भरे बटुए यात्रियों को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। फिर भी सुरक्षा के हिसाब से यह जरूरी है।

### ट्रैक्टर ट्राली पर मेहरबानी

कृषि कार्य की ट्रैक्टर ट्रालियों को भी मालवाहक बना दिया गया है। ये ट्रैक्टर ट्राली दिनभर शहर में देखी जा सकती हैं। इन ट्रैक्टर ट्रालियों में सीमेंट से लेकर गिट्टी मुरम व लंबे सरिये तक के ढोए जा रहे हैं। गली मोहल्ले में सीधे घुसने वाली या ट्रैक्टर ट्राली जाम लगा देती हैं। इन पर भी यातायात विभाग सबसे ज्यादा मेहरबान बना हुआ है। ऐसा नहीं है कि यातायात विभाग को मालूम नहीं है।

# अन्नपूर्णा लिंक रोड में बाधक झुग्गी झोपड़ी के 15 परिवार हुए नए घर में शिफ्ट

## 20 अन्य परिवारों ने भी नए घर में जाकर रखा कलश और की पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अन्नपूर्णा लिंक रोड की बाधा को दूर करने की दिशा में नगर निगम के द्वारा काम का शुरू कर दिया गया है । इस सडक़ के निर्माण में बाधक झुकी झोपड़ी के 15 परिवार नए घर में शिफ्ट हो गए हैं । इसके साथ ही 20 परिवारों के द्वारा अपने नए घर में जाकर गुड़ी पडवा नए वर्ष के उपलक्ष में कलश रखकर पूजा कर ली है ।**

प्रधानमंत्री आवास योजना अधीक्षण यंत्री डी आर लोधी ने बताया कि निगम द्वारा अन्नपूर्णा लिंक रोड में बाधक रहवासियों को लॉटरी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना में पूर्व में आवास उपलब्ध कराए गए थे । विगत दिवस आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा अन्नपूर्णा लिंक रोड का अवलोकन किया गया था। उनके द्वारा बस्ती के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा व अन्य निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यदि कोई रहवासी प्रधानमंत्री आवास योजना में अपनी मर्जी से जाना चाहता है तो व्यवस्थापन में उनको परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करें।

सामाजिक विशेषज्ञ संतोषी गुप्ता द्वारा बुधवार को अन्नपूर्णा लिंक रोड में बाधक झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित आवासीय इकाई में नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विस्थापित होने की इच्छा जताई गई । पूर्व से आवंटित आवास में 40 परिवारों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट हेतु मार्जिन मनी की राशि जमा कराई गई थीं। गत दिवस हिंदू नववर्ष पर 15 परिवारों ने घरेलू सामान शिफ्ट किया गया तथा 20 अन्य परिवारों ने नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नवीन फ्लैट में कलश रख एवं पूजन करके प्रवेश किया ।

### काफी समय से अटका था काम

झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले नागरिकों के द्वारा शिफ्ट नहीं होने के कारण अटका हुआ था काम । नगर निगम के द्वारा कल झोपड़ी में रहने वाले लोगों की शिफ्टिंग के काम को अंजाम दिए जाने के बाद इस सडक़ के काम को करने का रास्ता साफ हो गया है ।

## नागपुर में खराब मौसम की वजह से इंदौर डायवर्ट हुआ विमान, दो घंटे बाद हुआ रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मौसम खराब होने की वजह से नागपुर जा रहे विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर डायवर्ड किया गया। इंदौर एयरपोर्ट पर दो घंटे विमान खड़ा रहा , इसके बाद नागपुर के लिए रवाना हुआ। एक घंटे बाद छह यात्री इंदौर एयरपोर्ट पर ही उतर गए। 176 यात्री नागपुर के लिए रवाना हुआ। मुंबई से नागपुर जा रहे विमान को मंगलवार रात को इंदौर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया।**

एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-629) फ्लाइट 7.50 बजे मुंबई से रवाना हुई। जब यह नागपुर के समीप पहुंची तो वहां तेज हवाओं और बारिश के चलते खराब मौसम को देखते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी। विमान को इंदौर डायवर्ट किया गया। फ्लाइट रात 9.40 बजे इंदौर पहुंची। विमान में 182 यात्री सवार थे। यात्रियों को विमान में ही बैठाए रखा गया और मौसम साफ होने पर दो घंटे बाद विमान को रवाना किया गया।

इस दौरान छह यात्री इंदौर में ही उतर गए। रात में एयर इंडिया का स्टाफ मौजूद न होने और सुरक्षा कारणों से यात्रियों को विमान में ही बैठाए रखा गया। इस पर यात्री विमान में ही हंगामा करने लगे। मौसम साफ होने के बाद रात 11.30 बजे 176 यात्रियों को लेकर विमान इंदौर से रवाना हुई और 12.40 बजे नागपुर पहुंचा। तब यात्रियों ने चैन की सांस ली। विमान के देरी से नागपुर पहुंचने के कारण रात 9.30 बजे नागपुर से मुंबई जाने वाली उड़ान देरी से रवाना हुई।

## श्री गुजराती समाज के पदाधिकारियों-सदस्यों का स्वागत-सम्मान समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। श्री गुजराती समाज अपनी संस्थाओं के माध्यम से समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। समाज की विभिन्न संस्थाओं में 20हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को शिक्षा देते हुए हम समाजसेवा का बड़ा दायित्व भी पूरा कर रहे हैं। यही समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण कारण है। इस प्रगति में शिक्षक व कर्मचारियों का भी बड़ा योगदान है, जो सालों से इसमें सहभागी है।**

उक्त विचार श्री गुजराती समाज इंदौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीपभाई शाह ने व्यक्त किए। वे शनिवार को नसिया रोड़ केम्पस स्थित प.म.ब. गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय, प.म.ब. गुजराती विज्ञान महाविद्यालय, प.म.ब. गुजराती कला व विधि महाविद्यालय और श्री गुजराती समाज बी.एड. महाविद्यालय द्वारा श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं व्यवस्थापक समिति के सदस्यों के स्वागत व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। समारोह में उपाध्यक्ष श्री गुजराती समाज श्री गोविन्दभाई पटेल ने सम्मान के बाद श्री गुजराती समाज की भावी योजनाओं के बारे में बताते हुआ कहा कि विद्यार्थियों और स्टॉफ को बेहतर सुविधाएँ देने के लिए हम तत्पर हैं।

सेन्ट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीपभाई शाह, उपाध्यक्ष गोविन्दभाई पटेल, मानद महामंत्री पंकजभाई संघवी, मानद् कोषाध्यक्ष दीपकभाई मोदी, मानद् हिसाबनीस दीपकभाई जे. सोनी, शिक्षण समिति अध्यक्ष अमितभाई दवे, मनोजभाई परीख, अतुलभाई सेठ, नरेन्द्रभाई जी. पटेल, भगवानदास पटेल, जयेशभाई शाह, नितेशभाई तुरखिया, रमेशभाई जे. शाह सहित सभी वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। स्वागत व सम्मान शासी निकाय अध्यक्षगण और प्राचार्यगण डॉ. दिनेश माहेश्वरी, डॉ. किरण दम्मानी, डॉ. किरण दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि संघवी ने किया।

## श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर में आयोजन

### प्रथम दिवस महिलाओं ने गरबे से की मातारानी की आराधना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर स्थित श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव 9 अप्रैल से मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन कालका माता का दिव्य अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। प्रतिदिन पूजा-अर्चना और सुबह 7 बजे से शतचंडी महायज्ञ होगा। इसमें श्रद्धालुओं द्वारा आहुतियां दी जाएंगी। महाआरती होगी जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे।**

कालका धाम के मुख्य पुजारी राहुल यादव ने बताया प्रथम दिन महिलाओं ने गरबे करके मातारानी की आराधना की। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। नौ दिनी महोत्सव में प्रतिदिन महामाई के दिव्य अलौकिक श्रृंगार दर्शन होंगे। 16 अप्रैल अष्टमी के दिन मां कालका का ऐतिहासिक श्रृंगार किया जाएगा। हर रोज भजन गायक द्वारा महामाई की संगीतमय आराधना और भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शतचंडी महायज्ञ किया जाएगा। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण होगा। इसी के साथ 18 अप्रैल को रात 8 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भक्तों को मालवा का प्रसिद्ध दाल बाटी चूरमा परोसा जाएगा। यह धार्मिक आयोजन पूज्य गुरुदेव योगी पीर रामनाथ महाराज (भरतरी गुफा, उज्जैन) के सान्निध्य में किया जा रहा है।

## अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा के गणगौर बाने का आज स्वागत होगा बारात जैसा, तैयारियां पूरी

इंदौर। अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा की मेजबानी में गुरुवार, 11 अप्रैल शाम 5 बजे से वरूण विक्ट्री गार्डन पर आयोजित गणगौर के बाने एवं मेले का व्यापक स्वागत करने की तैयारियां की गई हैं। यह पहला ऐसा उत्सव होगा, जिसमें मालवा और निमाड़ की संस्कृति एक मंच पर नजर आएंगी। मिसेस गणगौर एवं अन्य स्पधार्ओं के लिए भी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के नाम सामने आ रहे हैं। मेले की तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। मेला स्थल पर सेल्फी झोंन भी बनाया गया है।

संगठन की बैठक बुधवार को वरुण विक्ट्री गार्डन पर आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि गणगौर के बाने का स्वागत बारात के स्वागत जैसा किया जाए और बाने में शामिल महिलाओं की अगवानी भी परंपरागत रूप से की जाए। बैठक में मुख्य रूप से संस्था के मार्गदर्शक अरविंद बागड़ी, मनीष अग्रवाल मन्नू, संयोजक शीतल तोड़ीवाला, संजय बांकड़ा, रूपाली अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, दिशा मित्तल आदि ने अपने सुझाव एवं विचार रखे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंचा नगर निगम का दस्ता खाली हाथ लौटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । शहर के प्रमुख आस्था केंद्र अन्नपूर्णा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है, लेकिन मंदिर की पार्किंग की भूमि तक पहुंचने वाले रास्ते पर ठेलागाड़ी, पुराने चार पहिया वाहनों एवं अन्य कबाड़ सामग्री रखकर भक्तों के बीच बाधा खड़ी करने की कोशिशें हो रही है। बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों ने इन बाधाओ को हटाने के प्रयास भी किए, लेकिन पुलिस के असहयोग के कारण अभी भी समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

राऊ के तहसीलदार ने गत 16 फरवरी 2024 को अन्नपूर्णा के थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कस्बा इन्दौर स्थित खसरा नंबर 1485 /1 पर रास्ते के अतिक्रमण हटाए जाएं, लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद अन्नपूर्णा पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है।

आज दोपहर नगर निगम का दस्ता भी मौके पर पहुंच गया था, लेकिन पुलिस के असहयोग के चलते नवरात्रि में अन्नपूर्णा आश्रम आने वाले दर्शनार्थियों को वाहन पार्किंग स्थल तक पहुंचने में भारी परेशानी उठाना पड़ रही है। जिन लोगों ने रास्ते पर अतिक्रमण और कब्जा किया हुआ है वह जान-बूझकर पार्किंग स्थल के रास्ते को रोककर भक्तों को परेशान कर रहे हैं। भक्तों को परेशान कर कर रहे हैं इसके कारण अन्नपूर्णा मेन रोड एवम मंदिर के सामने हर 5झ10 मिनिट में जाम लग रहा है। राऊ तहसीलदार ने अपने 16 फरवरी 2024 के आदेश में माना है कि मंदिर एवं गौशाला में रोजाना लाखों धमार्लु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन कुछ लोग इस मार्ग में गुमटी, ठेला आदि रखकर रास्ता रोक रहे हैं । एक व्यक्ति तो पशु बली की धमकियां दे रहा है और सांप्रदायिक सौहार्द भंग करने का षड्यंत्र कर रहा है... थाना अन्नपूर्णा पुलिस प्रकरण दर्ज कर रास्ते को खुलवाए।

तहसीलदार ने आदेश में साफ तौर पर लिखा है कि थाना प्रभारी यह भी सुनिश्चित करें कि मौके पर किसी भी प्रकार से रास्ता अवरुद्ध न हो। किसी भी व्यक्ति द्वारा रास्ता अवरुद्ध किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इतने स्पष्ट आदेश के बावजूद अन्नपूर्णा पुलिस और थाना प्रभारी नवरात्रि में भी मूकदर्शक बनकर बैठी हुई है। आज नगर निगम की रिमूवल गाड़ी को पुलिस के असहयोग के कारण बिना कार्रवाई के लौटना पड़ा। जिसका परिणाम अन्नपूर्णा के भक्तों को भुगतना पड़ रहा है । मंदिर आने वाले भक्त इस असुविधा के कारण परेशान हो रहे हैं।




## सनातनी हिन्दू नववर्ष पर कैलेंडर का किया विमोचन

इंदौर। भारतीय हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा पर विक्रम संवत 2081 के भारतीय वार त्योहार व तिथियों की समस्त जानकारी समाहित वाले केलेंडर का विमोचन अन्नपूर्णा मन्दिर के पुजारी श्री तिवारी जी द्वारा किया गया। संस्था 'आदित्य'के संयोजक सचिन नीमा ने बताया कि हिन्दूओ के समस्त त्योहार, तिथियों की जानकारी के साथ ही इस केलेंडर में पंचांग का भी प्रकाशन किया गया है।विमोचन के अवसर पर राजेश शर्मा,प्रदीप नागर, सुरेश वर्मा,आजाद,कुलकर्णी ,संजय नागर आदि उपस्थित थे व सभी ने चैत्र नवरात्रि की भी बधाई आमजन को दी।

# विज्ञापन और समाचारों की निगरानी करेगा 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों का दल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापन और समाचारों की निगरानी के लिए 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। निगरानी के लिए मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन (एमसीएमसी) प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों को मंगलवार को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिये कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसकी महत्ता को देखते हुए यह कार्य पूर्ण गंभीरता के साथ किया जाये। कार्य में किसी भी तरह कि लापरवाही नहीं बरती जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी, एमसीएमसी के नोडल अधिकारी डॉ.आर.आर. पटेल मौजूद थे। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. आर.के. पांडे ने नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों तथा नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित खबरों की 24 घंटे सतत् मॉनिटरिंग/ रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। न्यूज मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अलग-अलग दल गठित कर उनके प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकोष्ठ में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित विषय विशेषज्ञों की टीम लगायी गई हैं। टीम में देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के प्रोफेसरों, विभिन्न विभागों के इंजिनियरों, अन्य अधिकारी-कर्मचारियों, विशेषज्ञों सहित लगभग 70 लोगों की सेवाएं ली जा रही हैं। प्रकोष्ठ की टीमों द्वारा तीन पारियों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की खबरों की सतत् निगरानी की जायेगी। यह कार्य प्रतिदिन तीन पारियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निरन्तर किया जायेगा। समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचारों एवं मीडिया रिपोर्ट्स की निगरानी एवं कतरनों के संधारण कार्य के लिए भी अलग टीम सुबह 6 से शाम 6 बजे तक कार्य करेगी।

## गो पालन के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा से खुश गो भक्त

### शहर की गौशालाओं में गोवंश के लिए बाटेंगे एक हजार किलो मीठे दलिया के लड्डू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2024-25 को गोरक्षा वर्ष के रूप में मनाने और गो पालको को प्रोत्साहन देने की घोषणा का मां पराम्बा गोभक्त मंडल, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने स्वागत करते हुए यशवंत सागर स्थित गोकुलम गौशाला पर नंदी पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर शहर की गौशालाओ की गायों को एक हजार किलो मीठी दलिया के लड्डू बनाकर रामनवमी तक भेजने का संकल्प लिया गया। इसकी शुरूआत गोकुलम गौशाला की गायों को लड्डू परोस कर की गई। विभाग प्रमुख योगेश होलानी, संगठन मंत्री अभिषेक उदेनिया, बजरंग दल के सह संयोजक संतोष वर्मा एवं राजेश बिंजवे ने इस अवसर पर गौशालाओं के उत्थान के लिए पूरे वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित करने तथा गौ हत्या करने वालों पर पैनी नजर रखने का निर्णय भी लिया । कार्यक्रम में गो भक्त मंडल के शैलेष मूंदड़ा ने गोवंश के लिए तीन प्याऊ लगाने, सेवा विभाग के प्रमुख यज्ञेश राठी ने चारा काटने की ऑटोमेटिक मशीन देने, समाजसेवी दिलीप जैन ने बीमार गायों को उठाने की मशीन भेंट करने की घोषणा की। कार्यक्रम में गौ माता रोटी भक्त मंडल के रवि शंकर कश्यप, राकेश गोयल बालकृष्ण साहू, दिनेश सोनी, पवन पांडे सहित अनेक प्रमुख गोभक्त उपस्थित थे।

# दशहरा मैदान पर अयोध्या की माटी और सरयू के जल के दर्शनों से अभिभूत हो रहे श्रद्धालु

### श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ में गूंजने लगी स्वाहाकार की मंगल ध्वनि, प्रतिदिन सुबह नि:शुल्क योग शिविर भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दशहरा मैदान स्थित ह्यअवध लोक पर सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं मेले में भक्तों का सैलाब उमडऩे लगा है। यहां चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ में अब तक 1 लाख से अधिक आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं। सुबह समवेत स्वर में स्वाहाकार और विद्वानों द्वारा मंत्रों एवं श्लोकों की मंगल ध्वनि से समूचा दशहरा मैदान परिसर गुंजायमान हो रहा है। संध्या को अयोध्या के रामलला मंदिर में राम दरबार की आरती में भी भक्तों की संख्या बढ़ रही है।**

आयोजन समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह सोलंकी एवं श्रीमती प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि बुधवार से यहां प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 6.30 से 7 एवं 7 से 7.30 बजे तक योग ध्यान के निशुल्क प्रशिक्षण की शुरूआत हो गई हैं। यहां आस्था युग क्रांति अभियान परिवार के राजकुमार जैन एवं दीपक अग्रवाल ने 200 से अधिक साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया। अवध लोक में आने वाले भक्तों को प्रतिदिन अयोध्या की सरयू नदी के पवित्र जल एवं अयोध्या की पावन माटी के दर्शन भी हो रहे हैं। श्रद्धालु इस पवित्र जल एवं माटी के दर्शन से स्वयं को अभिभूत मानते हैं ।

## नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी एवं ग्रीवा कैंसर की पेप स्मीयर जाँच का शिविर कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के रार्बट नर्सिंग होम में 23वां नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन 12 अप्रैल से शुरू होगा। यह शिविर 14 अप्रैल तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ सुबह साढ़े 9 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री गिरीश मतलानी भी उपस्थित रहेंगे।**

बताया गया कि यह शिविर सहायता संस्था के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विशेष रूप से सिर्फ गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के ही ऑपरेशन किये जायेंगे। जन्मजात शारीरिक विकारों (कटे होंठ, तालू) एवं किसी दुर्घटना के बाद छूटे निशानों एवं जलने के कारण आयी विकृति के ऑपरेशन होंगे। इस शिविर में वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. प्रकाश छजलानी भी अपनी नि:शुल्क सेवायें देंगे। रॉबर्ट नर्सिंग होम के सेक्रेटरी एवं ट्रस्टी डॉ. वी. एस. यशलहा ने बताया कि इस शिविर हेतु अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर एवं मरीजों हेतु रहने की व्यवस्था नि:शुल्क प्रदान की जायेगी। साथ ही मरीजों हेतु अन्य सारी व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस शिविर में सिर्फ कटे होंठ, तालू एवं कुछ ऑपरेशन योग्य जले हुए मरीजों के आपरेशन किये जायेंगे। ऑपरेशन हेतु मरीजों का चयन डॉ. प्रकाश छजलानी द्वारा स्वयं दिनांक 12 अप्रैल 2024 को प्रातः 08:00 बजे से 09:30 बजे तक रॉबर्ट नर्सिंग होम पर किया जायेगा।

# विज्ञापनों के सम्बन्ध में आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है।

आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे। आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए है कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नही किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरुद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार अपराध करने, हिंसा करने या लोगों को भडक़ाने की प्रवृत्ति रखता हो, किसी भी प्रकार की अश्लीलता दर्शाता हो, राष्ट्रीय समप्रतीक का अनादर करता हो, नारी के लिए किसी भी प्रकार से अपमानजनक हो या उपहास करता हो, दहेज, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराईयों से लाभ उठाता हो आदि से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं किए जाने चाहिए।

## नशा मुक्ति संबंधी बैठक कल

इंदौर। नशा मुक्ति से संबंधित बैठक 12 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाली समस्त संस्थाएं, प्रोफेशनल, समाजसेवी इत्यादि शामिल होंगे। बैठक में नशा मुक्ति के संबंध में विस्तार से चर्चा कर भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

# भाजपा नेता और सरपंच पति को कार ने रौंदा

## गुना में सड़क किनारे बात कर रहे थे तीनों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना में भाजपा जिला मंत्री और सरपंच पति की सडक़ हादसे में मौत हो गई। सरपंच संघ के अध्यक्ष घायल हैं। घटना मंगलवार देर रात 11.45 बजे की है। घटना के बाद कार सवार आरोपी गिड़गिड़ाते हुए हाथ जोडक़र माफी मांगने लगे। इनमें एक नोएडा, दूसरा हैदराबाद का है। दोनों गुना में पायलट की ट्रेनिंग ले रहे हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है।**

भाजपा नेता आनंद रघुवंशी (मगराना) और मोहनपुर की सरपंच के पति कमलेश यादव न्यू सिटी कॉलोनी के बाहर मेन रोड पर स्कूटी खड़ी कर बात कर रहे थे। सरपंच संघ के अध्यक्ष मनोज धाकड़ उनसे मिलने के लिए पैदल आ रहे थे। इतने में अंबेडकर चौराहे की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने तीनों को चपेट में ले लिया।

घटना में कमलेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। भोपाल ले जाते समय आनंद ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मनोज को इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया है। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**सुबह परिवार और समर्थकों ने किया चक्काजाम-** घटना से नाराज परिजन और समर्थकों ने बुधवार सुबह नानाखेड़ी मंडी रोड पर न्यू सिटी कॉलोनी के सामने चक्काजाम कर दिया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डिवाइडर बनाने और रास्ते में लगी डीपी हटाने के आश्वासन पर लोगों ने आधे घंटे में जाम खोल दिया। गुना उरढ ज्योति उमठ ने बताया, जिस कार से एक्सीडेंट हुआ, उसे जब्त किया है। कार सवार 2 युवकों को हिरासत में लिया गया है।

### पायलट की ट्रेनिंग ले रहे आरोपी, नशे में थे

बताया जा रहा है कार ड्राइवर और उसका साथी नशे में थे। सौरभ यादव नोएडा तो आभास सांडिल्य हैदराबाद का रहने वाला है। दोनों यहां शा शिब अकादमी में पायलट बनने की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

# सागर में 4 साल की बच्ची का शव मिला

## हत्या कर फेंके जाने की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में जैसीनगर के चांदौनी गांव में बुधवार दोपहर 4 साल की बच्ची का शव मिला है। बच्ची सोमवार की रात खेत में बने मकान से लापता हो गई थी। शव घर से आधा किलोमीटर दूर खेत में ही मिला। पुलिस के साथ एफएसएल टीम ने जांच की है। आशंका है कि हत्या के बाद शव को फेंका गया है। चांदौनी में खेत में बने मकान में सियाराम प्रजापति, पत्नी और तीन बेटियों के साथ दहलान में सो रहे थे। सोमवार रात 1 बजे पत्नी संध्या बाथरूम के लिए उठीं। देखा तो छोटी बेटी प्रतिभा प्रजापति बिस्तर पर नहीं थी।सोमवार रात भर और मंगलवार को भी परिवार - पुलिस ने सर्च किया। बच्ची का पता नहीं चला। यहां तक कि डॉग स्क्वॉड टीम ने भी सर्च किया।

### मामले की जांच की जा रही

एसडीओपी शशिकांत सरयाम ने बताया कि लापता बालिका का शव खेत में मिला है। मौके पर एफएसएल टीम जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही बालिका की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## रतलाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कई नेता भाजपा में शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में बुधवार को कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हुए। रतलाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश पटेल,अजनार के कांग्रेस नेता सुरपालसिंह, जोबट के आनंद भाई शाह, आईटी सेल प्रदेश सचिव शुभम पाटीदार, मुंदडी ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा सहित कई कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि हमारा परिवार रोज बढ़ता जा रहा है। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी कांग्रेस नेताओं को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

# सूने मकानों के ताले तोड़कर बदमाश आभूषण व व नगदी ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। सदावल फार्म रोड़ स्थित दो मकानों के ताले तोड़ कर बदमाशों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। खास बात यह कि दोनों ही मकान में रहने वाले परिवार शादी समारोह में शामिल होने शहर से बाहर गए थे। पड़ोसी ने रात 3 बजे के करीब 5 बदमाशों को भागते देखा और जिन लोगों के मकानों में चोरी हुई उन्हें मोबाइल से सूचना दी। महाकाल थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से जांच कराई।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल पिता बाबूलाल आयु 30 वर्ष निवासी सदावल फार्म रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने परिवार के साथ महिदपुर गया था। उसे पड़ोसी ने सूचना दी कि तुम्हारे घर में चोरी हुई है। सूचना मिलते ही गोपाल उज्जैन लौटा। बदमाशों ने घर का सामान बिखेर दिया और अलमारी में रखे 95 हजार नगद, 5 सोने के लॉकेट और 4 किलो चांदी के जेवर गए। गोपाल ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले रायसिंह भी परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने शहर से बाहर गये हैं। चोरों ने उसके घर के भी ताले तोड़ कर वारदात को अंजाम दिया है। गोपाल ने महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी तो डायल 100 से पुलिसकर्मी यहां जांच करने पहुंचे और पुलिस ने डॉग स्क्वॉड व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी जांच के लिये मौके पर बुलाया। पुलिस को गोपाल के पड़ौसी ने बताया कि एक बदमाश घर के बाहर खड़ा और 4 बदमाश दोनो घरों में चोरी कर बाहर निकले थे। वह शोर मचाते इससे पहले वह भाग गए।

# फर्जी इवेंट लेने वाले 108 एंबुलेंस के ड्राइवर, अटेंडर अरेस्ट

## गाड़ियां वॉश करने कहा- हनुवंतिया में 4 लोग डूब गए, 6 घंटे चली थी सर्चिंग

**खंडवा। हनुवंतिया में 4 लोग डूब गए है, ऐसी सूचना मिली है इसलिए हमें वहां जाना है। इस तरह के फर्जी इवेंट लेकर हनुवंतिया जाने वाले 108 एंबुलेंस के ड्राइवर और अटेंडर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चार आरोपियों की फर्जी सूचना से प्रशासन सकते में आ गया था। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को जलाशय में 6 घंटे तक सर्चिंग करना पड़ी। लेकिन 4 लोगों के डूबने का मामला फर्जी पाया गया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।**

मूंदी टीआई राजेंद्र नरवारिया के मुताबिक 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे डायल 100 पर इवेंट मिला था। मोबाइल नंबर 8770371461 से कॉलर ने सूचना दी कि हनुवंतिया टापू में 4 लोग बैकवॉटर में डूब गए है। ड्यूटी आरक्षक फजल और पायलेट साबिर ने सूचना को अटेंड किया। इस मामले को एसपी मनोज राय ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को रवाना किया। एमपी टूरज्मि बोट क्लब की मदद से वोट द्वारा करीब 10 से 12 किलोमीटर के दायरे में पानी में सर्चिंग की गई। सिंगाजी तक पानी में सर्चिंग की गई।

एसडीआरएफ इंचार्ज मनीष यादव और उनकी टीम हनुवंतिया आ गई। करीब 5, 6 घटें तक सर्चिंग ऑपरेशन चलाया गया। इस बीच कॉलर को बार-बार फोन किया तो फोन स्विच ऑफ बता रहा था। हनुवंतिया टापू के बैकवॉटर में स्टाफ एवं गांव वालों की मदद से पूरे क्षेत्र में तलाश की गई। पुलिस इस नतीजे पर पहुंची कि डायल 100 में दी गई सूचना फर्जी थी। असत्य सूचना देकर शासन-प्रशासन को भ्रमित किया गया। लोकसभा चुनाव के बीच पुलिस का महत्वपूर्ण समय नष्ट किया गया।

### गाडिय़ां वॉश करने लिया फर्जी इवेंट, ऐसे धराएं आरोपी

पुलिस के मुताबिक फर्जी सूचना देने वाले आरोपी 108 एंबुलेंस के ड्राइवर और अटेंडर है। ये लोग 108 की गाडिय़ों को वॉश करने के लिए हनुवंतिया जाना चाहते थे। जहां जलाशय में गाडिय़ां धोने के साथ मौज-मस्ती कर सके। लेकिन उनका दांव उलटा पड़ गया। जैसे ही उन्होंने 108 एंबुलेंस के कंट्रोल रूम पर इवेंट भेजा, कंट्रोल रूम ने मामले को डायल 100 को फारवर्ड कर दिया। क्योंकि मामला गंभीर था, ऐसे मामलों में डायल 100 और 108 एंबुलेंस संयुक्त रूप से एक्शन लेता है। पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र पिता पदमसिंह खाती (28) निवासी आमला नवाबाद तहसील इच्छावर जिला सीहोर (ड्रायवर 108 एम्बुलेंस खंडवा), कृष्णपाल पिता रूपसिंह खाती (26) निवासी खेरी जिला सिहोर (अटेंडर 108 एम्बुलेंस खंडवा), सुरेश पिता दयाराम भीलाला (28) निवासी बिजोराभील जिला खंडवा (ड्रायवर 108 एंबुलेंस जावर) धीरज पिता जयराम पांडवी (22) निवासी बारवा खुरम जिला राजगढ़ (अटेंडर 108 एंबुलेंस जावर) को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# शादी की पत्रिका बांटकर लौट रहे युवक को वाहन ने रौंदा

## नीट की परीक्षा देने आया दोस्त भी हादसे में हुआ घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। अपनी शादी की पत्रिका देकर दोस्त के साथ बाइक से जा रहे युवक को हरसोदन फंटा मक्सी रोड़ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिससे उसकी मृत्यु हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है।**

पुलिस ने बताया कि संतोष पिता गंगाराम आयु 24 वर्ष निवासी मोल्टा केवड़ी शाजापुर उज्जैन में मौसी के लडक़े सूरज के साथ नाकोड़ाधाम कॉलोनी में रहकर इलेक्ट्रिक का काम करता था। उसकी 19 अप्रैल को शादी होने वाली थी। उसी की पत्रिका बांटने शाजापुर से दोस्त गौतम के साथ उज्जैन आया था। गौतम को उज्जैन के कॉलेज में नीट की परीक्षा देना थी। संतोष पत्रिका बांटने और गौतम परीक्षा देने के बाद रात 8 बजे बाइक से वापस लौट रहे थे,तभी हरसोदन फंटा के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में संतोष की मृत्यु हो गई जबकि गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। संतोष की दुर्घटना में मृत्यु की खबर मिलने के बाद शादी वाले घर में मातम छा गया है।

## सीएम बोले- राहुल गांधी राजनीति के लायक नहीं

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन में कहा, ह्यराहुल गांधी राजनीति के लायक नहीं हैं। वे जबरदस्ती के नेता हैं। उन्होंने महुआ खाकर बता दिया है कि उनके क्या शौक हैं। सवाल, राहुल गांधी आदिवासी इलाकों में लगातार घूम रहे हैं? इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यअगर उन्हें महुआ बीनना और खाना ही है तो हम उनका स्वागत करेंगे। उधर, सीएम के इस बयान पर भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा, ह्यजितनी भत्र्सना की जाए कम है।

**पटवारी बोले- मुख्यमंत्री को आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए-** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, शर्म आती है मुझे मुख्यमंत्री की मानसिकता पर, छिंदवाड़ा में एक व्यक्ति की दरखास्त मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां से हमारा न तो विधायक है, न सांसद, हम क्यों काम करें। ऐसा मुख्यमंत्री मोदी जी ने मध्यप्रदेश को दिया है। वे विधायकों और जनता के नहीं, पर्ची के मुख्यमंत्री हैं। अब उन्होंने आदिवासियों का अपमान कर दिया, जो महुआ से अपना जीवनयापन करते हैं।

## दत्त अखाड़ा घाट पर नदी से महिला का शव मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** दत्त अखाड़ा घाट स्थित शिप्रा नदी से पुलिस ने सूचना मिलने के बाद अज्ञात महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मृतक महिला की शिनाख्ति के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र 55 से 60 वर्ष के लगभग दिख रही है। पहनावे से ग्रामीण दिखती है संभवतः अमावस्या पर्व स्नान के लिए दत्त अखाड़ा घाट पर आई होगी। पुलिस द्वारा मामले में जॉंच की जा रही है।

## संपादकीय

### ये व्यवहार चिंताजनक

देखने में आता है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर लोग हिंसक हो जाते हैं और हत्या जैसा गंभीर अपराध भी कर देते हैं। पिछले कुछ समय से दिल्ली और देश के दूसरे इलाकों से बहुत मामूली बातों पर आपा खोकर मारपीट करने और जान तक ले लेने की जैसी खबरें आ रही हैं, ये व्यवहारा और हालात चिंताजनक हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के तिमारपुर इलाके में दो लडक़ों ने एक युवक पर सिर्फ इसलिए चाकू से हमला कर दिया कि उसने मांगने पर माचिस की तीली नहीं दी। ज्यादा खून बह जाने की वजह से युवक की मौत हो गई। इसके बाद खोजबीन करके जब पुलिस ने दोनों हमलावरों को पकड़ा तो दोनों नाबालिग निकले। जाहिर है, अब हत्या की इस वारदात को आम अपराध मान कर ही कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। मगर इस घटना की प्रकृति को देखते हुए ज्यादा चिंता इस बात को लेकर है कि बेहद मामूली बातों पर भी इस कदर आपा खोने और हत्या तक कर देने की घटनाओं का दायरा जिस तरह फैल रहा है, आखिर उसके कारण क्या हैं! दिल्ली में इस प्रकृति की यह कोई अकेली घटना नहीं है। आए दिन ऐसे मामले सामने आने लगे हैं, जिनमें बहुत मामूली बात पर कहा-सुनी और फिर जानलेवा हमले हो जाते और किसी को पीट-पीट कर या किसी हथियार से मार डाला जाता है। आखिर ऐसा क्यों और कैसे हो रहा है! दिल्ली की ताजा घटना में शामिल दोनों आरोपी नाबालिग हैं, मगर इसी उम्र में चाकू लेकर चलना और बिना खौफ के अपराध को अंजाम देने का दुस्साहस उनके भीतर कैसे आया? क्या उनके भीतर कानून का कोई खौफ नहीं था या वे अपराध की दुनिया में शामिल हो गए, तो इसके पीछे क्या कारण होंगे? हत्या जैसी वारदात के बाद दोषी साबित होने पर संबंधित कानूनों के तहत उन्हें निर्धारित सजा मिलेगी। मगर इस बात पर अब विचार करने की जरूरत है कि क्या कोई ऐसी समाज-मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां हैं या अन्य कारण हैं, जिनकी वजह से लोग इस कदर मामूली बातों पर भी आपा खोकर मरने-मारने की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

**Quote...**

"Go confidently in the direction of your dreams! Live the life you've imagined."
-Henry David Thoreau

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भगवान सूत्र देते हैं कि कहने से दु:ख कम होता हैं... अपनी वेदना दूसरे को सुनाने से दु:ख कम होता हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

धर्म-कर्म

# आज गणगौर पूजा पर बन रहे ये 3 संयोग बहुत शुभ

## गणगौर व्रत की इन 5 खास बातों को जरूर जानें



गणगौर पूजा देवी पार्वती और शिव को समर्पित त्योहार है। इस दिन को गौरी तृतीया के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस व्रत को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की पूर्ति के लिए रखती हैं। आज 11 अप्रैल को गणगौर पूजा मनाई जा रही है। इस व्रत को विवाहित स्त्रियों के साथ कुंवारी लड़कियां भी रखती हैं, जिससे कि उन्हें मनचाहे वर की प्राप्ति हो सके। आइए, जानते हैं इस बार गणगौर पूजा का मुहूर्त कब है और क्या है गणगौर की खास बातें।

### गणगौर पूजा पर बन रहे हैं तीन योग

11 अप्रैल को गणगौर पूजा है। इस दिन तीन योगों का निर्माण हो रहा है। आयुष्मान योग, प्रीति योग और रवि योग को गणगौर पूजा के लिए बहुत ही शुभ माना जा रहा है। रवि योग प्रातःकाल में 06:00 बजे से अगले दिन 12 अप्रैल को मध्य रात्रि 01:38 तक है. वहीं, प्रीति योग सुबह 07:19 तक है और उसके बाद से आयुष्मान योग लगेगा। जो 12 अप्रैल को प्रातः 04:30 तक रहेगा। इसके बाद 12 अप्रैल को सौभाग्य योग बनेगा।

### 18 दिनों तक मनाते हैं गणगौर पूजा

मुख्य रूप से गणगौर पूजा का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को की जाती है लेकिन राजस्थान में गणगौर का पर्व फाल्गुन माह की पूर्णिमा यानी होली से ही शुरू हो जाता है और इसके बाद 18 दिनों तक गणगौर पूजा का त्योहार मनाया जाता है।

### हर दिन मनाई जाती है शिव और पार्वती की प्रतिमा

गणगौर पूजा इसलिए भी विशेष मानी जाती है क्योंकि राजस्थान के ज्यादातर क्षेत्रों में 18 दिनों तक प्रतिदिन शिव और पार्वती की प्रतिमा बनाकर उनकी पूजा की जाती है और उन्हें दूल्हा-दुल्हन की तरह सजाकर मंगल गीत गाए जाते हैं। वहीं, चैत्र नवरात्रि की तृतीया तिथि को महिलाएं सोलह श्रृंगार करके शिव-पार्वती से अपने सुहाग की लम्बी उम्र के लिए प्रार्थना करती है।

Uttarakhand

# साइबर ठगों का अनोखा अंदाज, पार्ट टाइम जॉब के नाम पर महिला से 10 लाख रुपये ठगे

**अल्मोड़ा, (एजेंसी)** साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए एक से एक नया तरीका निकाल रहे हैं। साइबर ठगों ने महिला से ठगी कर 10 लाख रुपये ठग लिए। साइबर ठगों ने महिला को पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर लाखों रुपयों की ठगी है। यह पूरा हैरान करने वाला अल्मोड़ा जिले में सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।अल्मोड़ा के धारानौला निवासी एक पढ़ी-लिखी महिला को यूट्यूब शेयर चेट पर पार्ट टाइम जॉब करना महंगा पड़ गया। शातिर साइबर ठग ने महिला को टास्क में कमाए रुपये वापस देने का झांसा देकर करीब दस लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर



दी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक नगर की एक महिला का कहना है कि दिसंबर 2023 में उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आया था। जॉब में डेली टास्क के तहत यूट्यूब और शेयर चैट पर कुछ चैनलों को लाइक और सबस्क्राइब करना था। टास्क का स्क्रीनशॉट ठग के दिए गए नंबर पर भेजना पड़ता था। इसके बदले महिला को 150 रुपये मिलते थे। टास्क पूरा करने के बाद उन्हें टेलीग्राम से जोड़ा गया, जहां प्रतिदिन 20-21 टास्क दिए जाते रहे। कुछ टास्क ऐसे थे, जिनमें उन्हें ही अपने पैसे भी लगाने पड़ते थे। इस दौरान उन्हें आर्थिक लाभ भी होने लगा। लेकिन कमाई के रुपये निकालने की बारी आई तो ठग ने गलत प्रक्रिया अपनाने की बात कहकर यूपीआई नंबरों पर रुपये जमा करने को कह दिया।

New Delhi

### 'वीडियो कॉल रिसीव करते ही लड़की...' सेक्सटॉर्शन के शिकार बुजुर्ग ने बताई पूरी कहानी

## डरकर ट्रांसफर किए 98 हजार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बुजुर्ग नागरिकों को सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसाकर ठगी करने वाले एक शातिर ठग को शाहदरा पुलिस ने अरेस्ट किया है. ये आरोपी बुजुर्ग नागरिकों को वीडियो कॉल करता था. कॉल पर दूसरी तरफ या तो आरोपी की महिला मित्र होती थी, जो कॉल रिसीव होने के साथ ही अपने कपड़े हटा देती थी या फिर आरोपी कोई अश्लील वीडियो प्ले कर देता था. इसके बाद वो सामने वाले के चेहरे के साथ स्क्रीन रिकॉर्ड करके ब्लैकमेल करता था.

वीडियो रिकॉर्डिंग के बाद आरोपी सबसे पहले अलग सिम कार्ड से पीड़ित को वॉट्सअप कॉल करता था और खुद को अधिकारी बताकर डराने की कोशिश करता था. पीड़ित से कहता था कि अगर रुपये नहीं दिए गए तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा. पुलिस का कहना है कि ऐसे केस में कई बार बुजुर्ग घबराकर आरोपी को पैसे दे देते हैं.

शाहदरा पुलिस थाने में गैंग के शिकार बुजुर्ग ने शिकायत की. इस शिकायत में कहा गया कि उनके नंबर पर एक वीडियो कॉल आया. जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक स्क्रीन पर एक लड़की ने कपड़े उतारने शुरू कर दिए. कुछ समय बाद किसी ने कॉल कर खुद को अधिकारी बताया और वीडियो वायरल न करने के बदले 98 हजार रुपये ले लिए.

इस शिकायत पर पुलिस ने सभी नंबरों की डिटेल निकाली तो पता चला कि एक मोबाइल मेवात के नूह इलाके में एक्टिव है, जिसके बाद पुलिस ने रेड करके सचिन नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने सचिन के पास से मोबाइल और दो सिम कार्ड बरामद किए हैं. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

Bihar

## सिलबट्टे पर रखकर एक साल के बच्चे का सिर कूच दिया, पत्नी से विवाद में पिता ने बेटे को मार डाला

**नवादा, (एजेंसी)** नवादा जिले के परना डाबर थाना इलाके में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पिता ने ही अपने एक वर्ष के मासूम पुत्र की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। घर में सोए बेटे को पिता ने उठाया और कमरे में बंद कर सिलबट्टा (मसाला पीसने वाला लोढ़ी-पाटी) पर उसका सिर रखकर कूच दिया। इतना ही नहीं, लोहे के सरिया से भी जमकर प्रहार किया। घटना सामने आने के बाद इलाके के लोग भौंचक रह गए। घटना की सूचना मिलते ही परना डाबर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी से विवाद में इस घटना को पति ने ससुराल पहुंचकर अंजाम दिया। बुधवार को सिरदला प्रखंड के परना डाबर थाना क्षेत्र के हरनारायनपुर गांव में यह वारदात हुई। पत्नी के साथ मामूली विवाद पर पति ने अपने ही बच्चे के साथ ऐसी घटना को अंजाम दिया। मृत बच्चे के मामा ने बताया कि बहन और भांजा करीब एक सप्ताह पूर्व उसके घर आए थे।।बुधवार दोपहर घर के सभी सदस्य पास के खलिहान में गेहूं कटनी करवा रहे थे।

Uttarpradesh

## फौजी ने पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या, हादसा दिखाने के लिए चढ़ाया ट्रैक्टर ऐसे खुला राज

**मुजफ्फरनगर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की पुलिस ने एक ऐसे शातिर फौजी को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी. फिर वारदात को छिपाने के लिए उसे सड़क दुर्घटना दिखाकर पुलिस को गुमराह करने की पूरी कोशिश की. मगर, पुलिस ने राजफाश कर दिया. वारदात में फौजी का साथ देने वाले पिता और चाचा को भी गिरफ्तार किया गया है.

दरअसल, मीरापुर थाना क्षेत्र निवासी मनोज उर्फ मोनू नाम के फौजी ने अवैध संबंधों के शक के चलते 3 अप्रैल को अपनी पत्नी आकांक्षा की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी. इसके चलते हत्यारे फौजी ने षड्यंत्र के तहत इस हत्या को सड़क दुर्घटना दिखाते हुए पुलिस को गुमराह करना चाहा था. मगर, पुलिस ने जब इस मामले में गंभीरता से जांच-पड़ताल करते हुए क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो घटना से पर्दा उठ गया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति मनोज उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर जब सख्ती से पूछताछ की, तो सारा मामला दूध की तरह साफ हो गया. इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देते एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल ने बताया कि थाना मीरापुर पुलिस ने हत्या के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया. दरअसल, 3 अप्रैल 2024 को थाना मीरापुर में एक्सीडेंट का एक मुकदमा लिखवाया था, जिसमें तहरीर दी गई की एक पति-पत्नी मोटरसाइकिल से जा रहे थे उनका ट्रैक्टर से एक्सीडेंट हुआ. इस हादसे में पत्नी की ऑन द स्पॉट मृत्यु हो गई. वहीं, पति मिलिट्री हॉस्पिटल मेरठ में एडमिट हो गया है. जब इसकी बहुत डिटेल में जांच की गई और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा गया तो शक हुआ.

खेल

# आखिरी ओवर में जीता गुजरात

## तेवतिया-राशिद की जोड़ी ने 12 बॉल में 35 रन बनाए, गिल की दूसरी फिफ्टी

**जयपुर।** गुजरात टाइटंस (GT) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 24वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (RR) को 3 विकेट से हराया। गुजरात ने दो मुकाबले हारने के बाद जीत हासिल की है।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। राहुल तेवतिया और राशिद खान की जोड़ी ने आखिरी 12 बॉल में 35 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 44 बॉल पर 72 रन बनाए, जबकि



साई सुदर्शन ने 29 बॉल पर 35 रन का योगदान दिया। कुलदीप सेन ने 3 विकेट झटके, जबकि युजवेंद्र चहल को दो सफलताएं मिलीं। RR से रियान पराग ने 48 बॉल पर 76 रन बनाए, जबकि कप्तान संजू सैमसन 38 बॉल पर 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 78 बॉल पर 130 रन की शतकीय साझेदारी की। यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। उमेश यादव, राशिद खान और मोहित शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

सिनेमा

## जूनियर एनटीआर को मिला करण जौहर का साथ, 'देवरा' को मिलेगी 'बाहुबली 2' जैसी ग्रैंड सक्सेस!




RRR स्टार जूनियर एनटीआर ने जब से अपनी नई फिल्म 'देवरा' अनाउंस की है, तभी से फैन्स इसके नए अपडेट के लिए नजरें गड़ाए बैठे रहते हैं. उनके फैन्स सिर्फ साउथ में ही नहीं बल्कि हिंदी भाषी इलाकों में भी बहुत ज्यादा हैं. जूनियर एनटीआर के ऐसे पक्के वाले फैन्स के लिए अब एक बहुत बड़ी खबर आ रही है.

पहले ही ग्रैंड स्केल का प्रोजेक्ट कही जा रही, जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' अब हिंदी में और भी तगड़ी होने वाली है. बता दें, 'देवरा' वैसे एनटीआर की अपनी इंडस्ट्री, तेलगू में बनी है और इसे कोरताला शिवा ने डायरेक्ट किया है. मगर इसे पैन इंडिया, कई भाषाओं में रिलीज किया जाना है. फिल्म के अनाउंसमेंट वीडियो में ही जूनियर एनटीआर की अपनी आवाज और दमदार अंदाज देखने ने फैन्स को भरोसा दिला था कि हिंदी में भी ये फिल्म जबरदस्त होगी. अब इस भरोसे को पक्का करने वाला एक और फैक्टर फिल्म के साथ आ गया है.

जूनियर एनटीआर के इस भौकाली प्रोजेक्ट को अब, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े नामों में से एक करण जौहर का साथ मिल गया है. बुधवार को करण ने सोशल मीडिया पर अनाउंस किया कि उनकी कंपनी, धर्मा प्रोडक्शन्स 'देवरा' के हिंदी वर्जन को डिस्ट्रीब्यूट करने जा रही है. इंस्टाग्राम पर जूनियर एनटीआर के साथ करण ने एक फोटो भी शेयर किया.

## Highlights

1. **PM Modi Urges Swift Action on India-China Border**
2. **Udhampur: Jitendra Singh & Lal Singh Chaudhary Battle for 3rd Term**
3. **Musk confirms India visit, says looking forward to meeting PM Modi**
4. **Weather forecast and warnings for April 11th-15th, 2024**
5. **Staffer at pet grooming center thrashes dogs reveals CCTV footage**
6. **How to make changes/corrections in PAN card data**
7. **Will win all Tamil Nadu seats: Dayanidhi Maran**

# McKinsey layoffs: Company to cut 360 jobs affecting these roles as demand slows

**NEW DEIHI, (Agency).** McKinsey layoffs: Global consulting firm McKinsey & Co. announced plans to eliminate almost 360 jobs globally. This will affect around 3 per cent of its specialist and technically-skilled workforce and will impact employees across various divisions, including design, data engineering, cloud, and software, Bloomberg reported citing people in the know.




McKinsey layoffs: What the company said on job cuts?

A McKinsey spokesperson said as per the report, "We invest to grow capabilities that match our clients' priorities, and adjust the size of a small number of others as appropriate. As part of this process, some roles will be eliminated within this small number of capabilities."

McKinsey layoffs: Why is the company cutting jobs?

The reductions are part of the McKinsey's efforts to adjust the size of certain capabilities to match its clients' evolving priorities and come as the consulting industry grapples with a slowdown in demand for its services.

McKinsey layoffs: Will job cuts impact traditional consulting staff?

No, the job cuts may not impact McKinsey's traditional consulting staff, the report added.

McKinsey layoffs: What is the company's workforce?

The firm has a global workforce of more than 45,000 employees in 130 cities around the world.

Have other companies in the sector resorted to job cuts?

Hiring sprees were common during the Covid pandemic following which companies like Ernst & Young, PricewaterhouseCoopers and Accenture Plc have cut jobs as some clients scaled back their investments.

# Elon Musk admits he has this secret account on X where he 'pretends to be a child'

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk admitted to using two secret alternate accounts on his social media platform X (formerly Twitter) in a deposition for a lawsuit against the billionaire. He said that he used some accounts on the social media site outside of his main public account when he was asked to clarify if he used an account on X that had been linked to him by several users on social media. Some users posted a screenshot of his X interface last year in which the additional account appeared to be visible.

What is the account in question?

The account @ermnmusk, under the name "Elon Test" appeared to show Elon



Musk role-playing as a child much like his three-year-old son. Last year the account posted, "I will finally turn 3 on May 4th!", in a post that has since been deleted, as per HuffPost. May 4, 2023, was Elon Musk's son X AE A-XII'S third birthday.

Another since-deleted post from the account read, "I wish I was old enough to go to nightclubs. They sound so fun." Although the account has less than 500 followers compared to Elon Musk's 180 million followers.

What Elon Musk said on the secret account?

When Elon Musk was shown a screenshot of the account during the deposition, he said, "I don't use that account. I think I briefly had it as a test account." The X owner said that uses two X accounts: his main one and burner account listed under the name @ babysmoke9000. Although there was no listed under latter's the name.

# मुस्लिम समाज ने अता की ईद की नमाज

## सदर बाजार स्थित मुख्य ईदगाह में हुई ईद की नमाज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुस्लिम समाज ईद गुरुवार को मना रहा है। समाजजन ने रमजान माह का 30वां रोजा बुधवार को रखा था। शहरकाजी डा. इशरत अली ने बताया कि मुख्य नमाज सदर बाजार ईदगाह पर सुबह हुई। इसके साथ ही शहरभर की मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज हुई।**

मीठी ईद पर हिंदू-मुस्लिम की गंगा-जमुनी तहजीब की एकता को मजबूत करने के लिए रिजर्व फोर्स द्वारा करीब 45 वर्ष पहले शुरू की गई अनूठी परंपरा की सुंदर झलक एक बार पुनः इस ईद पर देखने को मिली। रिजर्व फोर्स के संयोजक सत्यनारायण सलवाडिया ने बताया कि मीठी ईद की सुबह 8 बजे शहर काजी को उनके राजमोहल्ला निवास से घोड़ा-बग्घी में बैठाकर सदर बाजार ईदगाह पर हुई नमाज में लाए। शिया समाज की ईद की नमाज शिया जामा मस्जिद कागदीपुरा में अता की गई। नमाज मौलाना हरशद अब्बासी द्वारा अदा कराई गई।

## प्रतिबंध के बावजूद जला रहे नरवाई

इंदौर। इन दिनों गेहूं कटाई के बाद खेतों में बची हुई नरवाई को किसान आग लगा रहे है ताकि नरवाई जलने के बाद फटाफट खेतों की जुताई कर उन्हें तैयार किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों से कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रशासन को निर्देश दिए है। आदेश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कृषि विभाग से सेवानिवृत नारायण टेलर का कहना है कि किसानों को नरवाई के लिए रोटावेटर का उपयोग करना चाहिए, जिससे नरवाई का जो शेष रह जाते हैं वह मिट्टी में मिल जाएगा। अगली फसल तक यह जैविक खाद का काम करेगा।

# दो थानों के बीच चल रहा था आईपीएल सट्टा

## क्राइम ब्रांच ने सटोरिए को लाइव पकड़ा, राजस्थान-गुजरात मैच की चल रही थी बुकिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने आईपीएल सट्टा पकड़ा है। आरोपी अन्नपूर्णा और द्वारकापुरी थाने की सीमा के बीच बुकिंग कर रहे थे। पुलिस ने आरोपी के पास से 9 मोबाइल, लैपटाप और हिसाब-किताब जब्त किया है। क्राइम ब्रांच के पहुंचने के बाद भी ऑनलाइन बुकिंग मोबाइल पर चालू थी।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक उनकी टीम ने धीरेन्द्र पुत्र राजेंद्र सोनी निवासी सुदामा नगर को पकड़ा है। आरोपी राजस्थान रॉयल और गुजरात टाइटन्स टीमों के बीच चल रहे मैच की बुकिंग कर रहा था। जब क्राइम ब्रांच की टीमें यहां पहुंची तो आरोपी लाइव बुकिंग कर रहे थे। क्राइम ब्रांच ने इस दौरान कार्रवाई का वीडियो भी बनाया। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक धीरेन्द्र अपने घर पर ही बैठा हुआ था। उसके पास से 9 मोबाइल, 9 सिम, लैपटॉप, वाईफाई सिस्टम और लाखों का हिसाब-किताब जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसे अन्नपूर्णा पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

## आबकारी अमले की बड़ी कार्रवाई

# जब्त किए ढाई लाख रूपए की शराब और वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश के बाद आबकारी विभाग के दलों द्वारा अभियान चलाकर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि आबकारी विभाग के अमले द्वारा 09 और 10 अप्रैल 2024 को कार्यवाही करते हुए महत्वपूर्ण प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।**

इसी कड़ी में 9 अप्रैल दोपहिया वाहन ज्जड्डस् जुपिटर से एक पीला बैग में 100 पाव (02 पेटी) देशी मदिरा प्लेन का अवैध परिवहन करते हुए शिवम पिता कमल किशोर निवासी 35 ब्रह्मबाग कालोनी इंदौर को पकड़ा गया। पीछा करते हुए संयोगितागंज रोड पर रोककर शराब जप्त की। मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 75 हजार रूपए है। आबकारी वृत्त काछी मोहल्ला में गश्त के दौरान आरोपी प्रवीण पिता भीमराव ऊके को एक्टिवा पर दो पेटी बीयर व दो पेटी देशी शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया। मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत 90 हजार रूपए है। इसी प्रकार आज दोपहिया वाहन हौंडा एक्टिवा में अवैध परिवहन करते हुए शिवा पिता सुंदर लाल निवासी पीथमपुर धार से एक पेटी देशी मदिरा प्लेन को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 73 हजार 500 रूपए है। सभी आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आबकारी विभाग द्वारा लगातार रात्रि गश्त, बारों पर सघन निगरानी, रोड चेकिंग कर अवैध मदिरा के विरुद्ध तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## सोशल मीडिया पर हथियार के साथ रील वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा में एक बदमाश ने सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल कर दी। पता चलते ही क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़ लिया। बदमाश पर पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। क्राइम ब्रांच ने उसे बाणगंगा पुलिस को सौंप दिया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक पुलिस ने बाणगंगा इलाके में कारवाई करते हुए आयुष पुत्र विजय कौशल निवासी न्यू बजरंग नगर को पकड़ा है। आयुष के पास से देशी कट्?टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। उसने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था। सायबर टीम को यह जानकारी लगी तो आयुष के बारे में जानकारी निकालकर उस पर कार्रवाई की गई है।

# युवती से रेप, ब्लैकमेल कर रहा था




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके में रहने वाली एक 21 साल की युवती की शिकायत की है। पीडिता ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक ने उस पर धर्म बदलने का दबाव भी डाला। पीडिता की शिकायत में बताया कि वह आरोपी को ढाई साल से जानती है। आरोपी ने उससे जबरदस्ती संबंध बनाए। फिर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने रात में ही हिंदूवादियों की मदद से उसे हिरासत में ले लिया है।

तुकोगंज टीआई जितेन्द्र यादव के मुताबिक इलाके में रहने वाली एक युवती थाने आई थी। उसकी शिकायत पर एमआईजी के शिवशक्ति नगर में रहने वाले अमान पुत्र कालिम जादू के खिलाफ रेप और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि 14 फरवरी को आरोपी अमान उसके घर पहुंचा। यहां वह अकेली थी। उससे शादी की बात करने लगा। इसके बाद जबरदस्ती संबंध बनाए। फिर धर्म परिवर्तन की बात करने लगा। जब इनकार किया तो विवाद करके चला गया। लेकिन बाद में धर्म बदलने को लेकर लगातार ब्लैकमेल करने लगा। पीडिता इस बात से परेशान हो गई। यह बात अपनी मौसी को बताई। उन्होंने हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद केस दर्ज किया गया।

पीडिता ने पुलिस को बताया कि वह वेडिंग इवेंट मैनजर है। अमान को ढाई साल से पहचानती है। करीब दो साल पहले अमान से बातचीत बंद थी। लेकिन छह माह से अमान फिर से संपर्क में आया। लेकिन उससे मोबाइल पर बात होती थी। फरवरी में उसे जब पता चला कि मेरे घर पर कोई नहीं है तो वह घर आ गया और मेरे साथ रेप किया।



# शराब दुकान में घुसा चोर

## गल्ला साफ कर दिया; पावागढ़ गए परिवार के घर भी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में एक चोर शराब दुकान के चद्दर उखाड़कर अंदर घुस गया। उसने कंबल ओढ़कर पूरा गल्ला साफ कर दिया। इसके बाद उसने दुकान में रखी शराब की बोतलें भी चुराई और भाग गया। दुकान के कर्मचारियों ने बुधवार सुबह दुकान खोली तो वारदात की जानकारी सामने आई। पुलिस ने इस मामले में फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के मुताबिक घटना बंगाली चौराहे स्थित शराब दुकान की है। यहां सेल्स कर्मचारी नंदलाल यादव निवासी हीरानगर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। नंदलाल ने बताया कि वह मंगलवार रात दुकान बंद करके अन्य कर्मचारियों के साथ घर चले गए थे। अगले दिन इंजार्च भूपत सिंह ने ताला खोला। अंदर देखा तो चद्दर टूटी थी. गल्ले में नकदी रुपए भी नहीं थे। उन्होंने कॉल कर मालिक को सूचना दी। रात के सीसीटीवी देखे तो कंबल ओढ़कर चोरी करता एक बदमाश नजर आया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। तिरूपति नगर में रहने वाले दिलीप गर्ग के यहां लाखों की चोरी हो गई। बुधवार को उन्होंने अपने दवाई का कामकाज करने वाले अपने भतीजे सौरभ को कॉल किया ओर बताया कि उनके यहां के गेट के ताले टूटे पड़े हैं। जब सौरभ यहां पहुंचा तो घर का सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी के अंदर से नकदी और लाखों रुपये कीमत के जेवर भी गायब थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएल-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक